बिहार सरकार
गृह विभाग
(आरक्षी शाखा)

अधिसूचना

सं0–6/पु0अ0–01–04/2016 गृ0आ0 / दिनांक जून, 2016

स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना ज्ञापांक–326(2)/स्वा0, दिनांक 30.03.2016 द्वारा कुल–28 सामान्य चिकित्सकों की सेवा विभाग को प्राप्त हुई है जिसके विरूद्ध कुल–22 चिकित्सक द्वारा योगदान समर्पित किया गया तथा उनका शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों का सत्यापन कराया गया। जिन्हें विभागीय अधिसूचना सं0–4071, दिनांक 25.05.2016 द्वारा गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के अंतर्गत विभिन्न पुलिस अस्पतालों में पदस्थापित किया गया। उक्त अधिसूचना के क्रम सं0–15 में अंकित डॉ0 मनोज कुमार के समक्ष स्तम्भ–5 में अंकित पदस्थापन स्थान को उक्त अस्पताल में रिक्ति उपलब्ध नहीं रहने के कारण रद्द किया जाता है।

उपरोक्त के आलोक में डॉ0 मनोज कुमार, सामान्य चिकित्सक को उनके नाम के समक्ष स्तम्भ–5 में अंकित पुलिस अस्पताल में पदस्थापित किया जाता है :–

क्र0	अभ्यर्थी का नाम	गृह जिला	स्थायी पता	पदस्थापन का स्थान
1	2	3	4	5
1.	डॉ0 मनोज कुमार	पटना	पिता–रमेश महतो, नालन्दा कॉलोनी लोहीयानगर, कक्कड़बाग, पटना–800020	पुलिस अस्पताल, शिवहर

2. सामान्य चिकित्सक अपने पदस्थापन स्थान पर संबंधित पुलिस अस्पताल के वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपने चिकित्सा संबंधी सभी प्रमाण–पत्रों की छाया प्रति एवं असैन्य शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) के स्तर से निर्गत स्वास्थ्य परीक्षण प्रमाण–पत्र तथा दहेज नहीं लेने–देने से संबंधित शपथ–पत्र के साथ योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त चिकित्सा पदाधिकारी पदस्थापित स्थान पर प्रभार ग्रहण की तिथि से नियुक्त माने जायेगें।

3. संबंधित चिकित्सक को निदेश दिया जाता है कि वे पदस्थापन स्थान–पुलिस अस्पताल में एक सप्ताह के अंदर अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
(तारकेश्वर प्रसाद)
संयुक्त निदेशक

ज्ञापांक–6/पु0अ0–01–04/2016गृ0आ0.....पटना, दिनांक जून, 2016

प्रतिलिपि :–महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, शिवहर/समादेष्टा बि0सै0पु0–13, दरभंगा एवं संबंधित चिकित्सक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/अधीक्षक राजकीय मुद्राणालय, गुलजारबाग, पटना–7 को बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

यह अधिसूचना विभागीय वेबसाईट www.home.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है एवं डाउनलोड कर इसे व्यवहार में लाया जा सकता है।

ह0/–
संयुक्त निदेशक

ज्ञापांक–6 / पु0अ0–01–04 / 2016गृ0आ0.....पटना, दिनांक जून, 2016

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, शिवहर / दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
संयुक्त निदेशक

ज्ञापांक–6 / पु0अ0–01–04 / 2016गृ0आ0.....पटना, दिनांक जून, 2016

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, गृह विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
संयुक्त निदेशक

ज्ञापांक–6 / पु0अ0–01–04 / 2016गृ0आ0.....4632.....पटना, दिनांक 16 जून, 2016

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैंनेजर, गृह विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/6/016
संयुक्त निदेशक